सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र

15-ए, सेक्टर-7, द्वारका, नई दिल्ली – 110075

विज्ञापन संख्या: सी.सी.आर.टी/11011/ग्रुप ए / 2023/01

विषय : सीसीआरटी में उप निदेशक के 03 (तीन) पदों को प्रतिनियुक्ति के आधार पर भरने के संबंध में

सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र (सीसीआरटी), नई दिल्ली में सीसीआरटी के भर्ती नियमों के अनुसार 7वें केंद्रीय वेतन आयोग के अनुसार वेतन स्तर -11 (67,700-2,08,700) में प्रतिनियुक्ति (अल्पकालिक अनुबंध सहित) आधार पर उपनिदेशक के पद के लिए इच्छुक और पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। रिक्तियों / पदों का विवरण इस प्रकार है :

क्रम संख्या	पद का नाम	पदों की संख्या	शैक्षिक योग्यता	अनुभव
1.	**उपनिदेशक (वित्त)**	01	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से वाणिज्य में स्नातकोत्तर डिग्री	केंद्र/राज्य सरकार /यूटी / पीएसयू/ विश्वविद्यालयों/ मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थानों / अर्ध सरकारी / स्वायत्त निकायों / सांविधिक संगठनों में कार्यरत अधिकारी जो : (1) मूल संवर्ग या विभाग में नियमित आधार पर अनुरूप पद **या** (2) वेतन स्तर - 10 /09 में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में प्रदान की गई 05 वर्ष की सेवा **या** (3) वेतन स्तर – 08 में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में प्रदान की गई 06 वर्ष की सेवा **या** (4) वेतन स्तर – 07 में नियमित आधार पर पद पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में प्रदान की गई 07 वर्ष की सेवा का अनुभव रखते हो।
2.	**उपनिदेशक (उत्पादन)**	01	किसी भी मान्यता प्राप्त संस्था से डायरेक्शन सिनेमैटोग्राफी / एडिटिंग / साउंड रिकॉर्डिंग और साउंड इंजीनियरिंग में डिग्री / डिप्लोमा	
3.	**उपनिदेशक (सामान्य)**	01	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कला /इतिहास/नृविज्ञान/समाजशास्त्र/मानविकी में स्नातकोत्तर डिग्री।	

(1) निर्धारित आवेदन पत्र का फॉर्मेट वेबसाइट https://ccrtindia.gov.in/ पर उपलब्ध है। इच्छुक / पात्र अभ्यर्थी सभी संगत दस्वावेजों के साथ निर्धारित फॉर्मेट में अपना आवेदन-पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

(2) अभ्यर्थी द्वारा अपना आवेदन पत्र उनके प्रधान नियोक्ता के माध्यम से पिछले 5 वर्षों के एपीएआर, सतर्कता अनापत्ति प्रमाण पत्र और संवर्ग नियंत्रण प्राधिकारी के प्रमाणपत्र के साथ अग्रेषित किया जाना चाहिए। अभ्यर्थी संवीक्षा में विलंब से बचने के लिए अग्रिम प्रति नियत तारीख के भीतर सीसीआरटी में जमा कर सकते हैं और इस पर अंतिम रूप से विचार किया जा सकता है।

(3) चुने गए अभ्यर्थी की तैनाती नई दिल्ली स्थित सीसीआरटी मुख्यालय अथवा इसके किसी भी क्षेत्रीय केन्द्र में की जा सकती है।

(4) **पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि “रोजगार समाचार” पत्र में विज्ञापन के प्रकाशन की तारीख से 45 दिन के अंदर है।**

(5) इस विज्ञापन के संबंध में किसी भी अनुशेष / शुद्धि-पत्र को केवल सीसीआरटी की वेबसाइट पर डाला जाएगा।

निदेशक
सीसीआरटी, नई दिल्ली